फुलवारी कोई उजड़े तो माली सींच सजाये

फुलवारी कोई उजड़े तो माली सींच सजाए ! जब माली ही बाग उजाड़े तो कौन सजाए !!
दुनियां में सबसे पावन भाई भाई का नाता ! जिस माँ ने भाई जन्मे उस माँ को में शीश झुकाता !!
भाई को कोई मारे तो भाई तुरत बचाए ! जब भाई दुश्मन बन जाए तो कौन बचाए !!
सिर की शोभा है साड़ी की शोभा नारी ! साड़ी को पहन के निकले शोभा पाती है नारी !!
जब साडी सिर से सरके तो नारी उसे सधाए ! जब नारी धर्म से सरके तो कौन सधाए !!
सागर में पानी भारी इन्सान देख घबराता ! बल्ली कर में मांझी नैया को पार लगाता !!
नाव कोई जब डूबे तो मांझी पार लगाए ! जब मांझी ही नाव डुबोए तो कौन लगाए !!

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/423/title/fulwari-koi-ujade-to-mali-sinch-sajaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |